प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. निर्वाचन आयोग ने मिल्कीपुर सीट को छोड़ कर प्रदेश की अन्य 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का किया एलान– 13 नवंबर को मतदान और 23 नवम्बर को होगी मतगणना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच हिंसा में मारे गए युवक के परिवार से लखनऊ में की मुलाकात : 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ दिया न्याय का भरोसा।
3. केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज भदोही में तीसरे अंतराष्ट्रीय कालीन मेले का किया उद्‌घाटन : कहा– भारत के निर्यात में कालीन उद्योग की है अहम भूमिका।

और

4. प्रदेश सरकार ने 17 अक्टूबर को धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाने के दिये निर्देश : चित्रकूट समेत सभी जिलों में आयोजित किये जायेंगे कार्यक्रम।

—————————

निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखो का एलान कर दिया है। प्रदेश की इन सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। प्रदेश की जिन 9 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है उनमें करहल, सीसमऊ, कटेहरी, कुंदरकी, खैर,

गाज़ियाबाद. फूलपुर, मझवां और मीरापुर शामिल हैं। कोर्ट में दायर याचिका की वजह से मिल्कीपुर में उपचुनाव की तारीख का एलान नहीं किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज दिल्ली में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। पेश है एक रिपोर्ट

*मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि उपचुनाव के लिए 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन शुरु हो जाएगा। 25 अक्टूबर तक नामांकन किए जा सकेंगे। उपचुनाव की मतगणना 23 नवंबर को होगी। उत्तर प्रदेश के साथ ही पंजाब उपचुनाव और महाराष्ट्र–झारखंड विधानसभा की चुनावी तारीखों का भी ऐलान कर दिया गया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर एक चरण में 20 नवम्बर को चुनाव होगा, जबकि झारखंड की 81 सीटों पर दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बहराइच हिंसा में मारे गए युवक के परिवार से लखनऊ में मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर और अन्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित परिवार के साथ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बहराइच के विधायक सुरेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बाइट.......

*मुख्यमंत्री जी ने पीड़ित परिवार से बात की, संवेदना व्यक्त की ओर संवेदना व्यक्त करने के साथ 10 लाख रुपये पीड़ित परिवार को सहायता और जो भी सुविधाएं वो सब देने का आश्वासन और कड़ी कार्रवाई का वादा किया।*

उधर, बहराइच में घटना के तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा बंद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। सुरक्षा की दृष्टि से छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ , स्थानीय पुलिस जवान और अधिकारी मुस्तैद हैं। चार आईपीएस रैंक के अफसर भी तैनात किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि बहराइच में स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि अज्ञात उपद्रवियों के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। डीजीपी ने लोगों से अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने को कहा है।

—————————

खाने पीने की वस्तुओं की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार एक अध्यादेश लाने की तैयारी कर रही है। इस अध्यादेश पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विधि आयोग, पुलिस, गृह विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारी हिस्सा लेंगे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लोगों को शुद्ध और गुणवत्तापरक खाने पीने का सामान उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। बाइट.......

*हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि हम उत्तर प्रदेश के सभी लोगों को क्वालिटी फूड उपलब्ध कराए। ये प्रकाश में आया है की विभिन्न प्रकार से*

*उसको दूषित करने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसा कई वीडियोज में हम लोगों ने देखा है। उसके लिए जो भी आवश्यक कानून है उसको बनाने का हम लोग काम करेंगे और हर स्थिति में उत्तर प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापरक भोजन मिले, इसकी सुनिश्चित करने का काम करेंगे।*

इससे पहले 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खानपान की वस्तुओं की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन करने के निर्देश दिए थे।

————————

एयर इण्डिया के एक एयरक्राफ्ट में बम होने की सूचना के बाद उसे अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैण्ड कराया गया और विमान में बैठे एक सौ उन्तालीस यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह एयरक्रॉफ्ट जयपुर से अयोध्या आ रहा था। यात्रियों को उतारने के बाद सूचना की सत्यता की गहन जांच की गई, जिसके बाद बम की सूचना गलत निकली।

————————

सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से पडरौना के बीच लगभग 24 किलोमीटर लम्बी फोर–लेन सड़क बनायेगा। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण के दौरान फोर लेन का बाईपास भी बनाया जायेगा। साथ ही पडरौना से पनियहवा बिहार बॉर्डर तक लगभग 23 किलोमोटर लंबी टू

लेन सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुशीनगर बाईपास और पडरौना बाईपास को भी इस परियोजना में स्वीकृति दी गयो है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

गोरखपुर की 39 चिकित्सा इकाइयों को 20.35 लाख रुपये का कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इनमें छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी, 16 अर्बन पीएचसी और सत्रह आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं । पुरस्कार की राशि से इन इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकशन के लिए तैयार किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार दूबे ने सभी इकाइयों से अपील की है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार ज्यादा से ज्यादा चिकित्सा इकाइयों को एनक्वास के लिए तैयार किया जाए।

————————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने आज समीक्षा बैठक में आईटीआई संस्थानों की प्रगति और कौशल विकास मिशन की योजनाओं की जानकारी ली। श्री अग्रवाल ने आईटीआई संस्थानों की शिक्षा गुणवत्ता को उन्नत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को नवीनतम तकनीक और ट्रेंड्स के आधार पर प्रशिक्षित किया जाए ताकि उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

———————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज भदोही में तीसरे अंतराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। मेले में इस बार 67 देशों के 500 विदेशी खरीदार और उनके प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस मेले में देश के विभिन्न प्रांतों के कुल 260 निर्यातकों ने स्टॉल लगाए हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि भारत के निर्यात में कालीन उद्योग की महत्वपूण भूमिका है। बाइट.....

*भारत सरकार ने तय किया है कि हम एक सौ बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट करेंगे। दो हजार तीस तक उसमें कारपेट की भूमिका जबरदस्त होगी। जिस तरह से ग्रोथ है वो ग्रोथ आगे चल कर के हमें एक मील का पत्थर साबित होगा और दुनिया जिस तरह से सस्टेने बिलिटी को ले रहा है*

*ट्रेस्टलिटी को ले रहा है अभी हम पूरे दुनिया के एक्सपोर्ट में 40 पर्सेंट की हिस्सेदारी है वो हम 50 परसेंट की हिस्सेदारी ले जाएंगे।*

——————————

प्रदेश सरकार की ओर से 17 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंतो को धूमधाम से मनाने के निर्देश दिए गये हैं। इस अवसर पर सभी ज़िलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान मंदिरों में श्रीराम चरितमानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन आदि कराए जाएंगे। साथ ही महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चित्रकूट के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। बाइट.......

*17 अक्टूबर को हम वृहद कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। वाल्मीकि जयंती का आयोजन करेंगे, जिसमें हम सबसे पहले वाल्मीकि रामायण का संगतिमय पाठ करेंगे। 4 घंटे का और उसके बाद हम सं सम्मेलन करेंगे। संत वाल्मीकि के जीवन पर परिचर्चा होगी, उसके बाद हवन पूजन और एक धर्म ध्वज कराया जायेगा, उसका पूजन होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें है लवकुश रतन और राम लीला का पाठ करेंगे।*

——————————

चन्दौली जिले में आज चार दिवसीय नेशनल गर्ल्स हैण्डबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर की तेइस टीमें हिस्सा ले रहों हैं। इसके अलावा छः अन्तर्राष्ट्रीय टीमें भी प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता

के पहले दिन आधा दर्जन से अधिक मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

(समाप्त)